हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025



तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री


मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम पेंड्री में सड़क पर चलते ट्रेलर में भीषण आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया।

## खबर संक्षेप

### 10 दिन बाद गुलजार होंगी तहसीलें

**बिलासपुर**। सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर बीते दस दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए नायब तहसीलदार व तहसीलदारों की हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। उच्च स्तरीय समिति से सार्थक चर्चा होने के बाद राजस्व अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थल पर लौट गए। अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर 27 जुलाई से प्रदर्शन कर रहे राजस्व अधिकारियों की हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के अनुसार प्रदेश में उच्च स्तरीय समिति से सार्थक चर्चा हुई, जिसके बाद संघ द्वारा जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**बिलासपुर**। नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को होगी। इस दौरान अधिक से अधिक प्रकरणों को सूचीबद्ध कर सुलझाने की योजना बनाई गई है। लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय, कुटुंब न्यायालय, तालुका न्यायालय सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। वादियों को भौतिक रूप से उपस्थित होकर या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई का विकल्प दिया जाएगा। इसमें व्यवहारिक, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल जैसे प्री-लिटिगेशन प्रकरण और वर्षों से लंबित मुकदमे रखे जाएंगे। आपराधिक मामलों में राजीनामा योग्य प्रकरणों को भी शामिल किया जाएगा। समन जारी कर पक्षकारों को बुला रहे हैं।

### कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 14 सितंबर को

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ व्यापमं की ओर से जिला पुलिस बल में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की लिंक ओपन कर दी गई है। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को ली जाएगी। कैंडिडेट 27 अगस्त शाम 5 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। प्रवेश पत्र 8 सितंबर को जारी कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771-2972780 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा छुट्टी के दिनों में मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय सुबह 10:00 से शाम 6:30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### यार्ड रिमाडलिंग से ट्रेन यातायात प्रभावित

**बिलासपुर**। पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिए एनआई का कार्य होगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली गाड़ियों के पहिए भी थमे रहेंगे। 6 से 14 अगस्त तक बिलासपुर से चलने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर, 7 से 15 अगस्त तक टिटलागढ़ से चलने वाली 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर, 6 से 14 अगस्त तक 58217 टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर और 7 से 15 अगस्त तक रायपुर से रवाना होने वाली 58218 रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर को रद्द किया जाएगा। वहीं रेल प्रशासन ने यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी के अतिरिक्त कोच की सुविधा स्थायी रूप से लगाने का आदेश दिया है।







## शिवघाट बैराज की टेस्टिंग, घरों में भरा पानी

खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा बुधवार को शिवघाट बैराज की सफल टेस्टिंग की गई। इस दौरान बैराज के गेट बंद करते ही पानी जमा होने लगा और देखते ही देखते अरपा जलमग्न हो गई। बैराज के गेट रात में खोल दिए गए थे। गुरूवार को एक बार फिर इसकी विधिवत टेस्टिंग की जाएगी।

इधर बिना किसी सूचना के हुई इस टेस्टिंग के कारण कुदुदंड के निचले इलाकों में पानी भर गया। घरों में घुटने तक पानी भरने से घरों के बर्तन, कपड़े और दूसरे सामान डूब गए और लोग काफी परेशान हुए। वार्ड पार्षद अनिता हिमांशु कश्यप द्वारा इस मामले की शिकायत निगम और इरीगेशन के अधिकारियों से करने की कोशिश की गई लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया।

### जांच के लिए बनी 10 सदस्यीय जंबो कमेटी

# ले आउट निरस्त होने के बाद भी साढ़े 19 एकड़ पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर रोड में सेक्टर डी के पास मंडपम भवन के बाजू में अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की जांच के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एक दस सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति कि रिपोर्ट में शिकायत सही पाए जाने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) एव 292 (च) के प्रावधानों के तहत उक्त कालोनी एवं समस्त जमीन का अधिग्रहण कर सकता है और भू खंडों के कोई भी अंतरण या अंतरण का करार शून्य घोषित किया जा सकता है और आरोपी बिल्डर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी किया जा सकता है। कलेक्टर ने समिति को शीघ्र जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा और भी कई अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

■ जांच सही पाए जाने पर नगर निगम कर सकता है कॉलोनी का अधिग्रहण



#### विकसित की जा रही कालोनी

शैलेंद्र कुमार जायसवाल (कॉलोनाईजर), बद्रीप्रसाद जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, विरेंद्र कुमार जायसवाल, सुरेंद्र कुमार जायसवाल,सुभाष कुमार जायसवाल, शैल जायसवाल, श्रीमती अर्चना जायसवाल एवं आभा जायसवाल (सभी भूस्वामी निवासी) निवासी-हाईकोर्ट रोड द्वारा ग्राम तिफरा में कुल रकबा 19.35 एकड़ पर कालोनी विकसित की जा रही है। इसमें खसरा नं 1367/9, 1369/2, 1370/2, 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4, 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11. 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/1 ग, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4, 1369/4, 1370/4, 1372/1 पर कालोनी की अनुमति टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से दी गई थी।

#### कमिश्नर कोर्ट ने निरस्त की है अनुमति

कालोनी में गड़बड़ियों और नियम शर्तों का पालन नहीं करने पर अतिरिक्त कलेक्टर ने इस विकास अनुज्ञा एवं कॉलोनी विकास की अनुमति को निरस्त कर दिया था। इसके बाद कालोनाईजर शैलेंद्र जायसवाल द्वारा न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग के समक्ष अपील की गई। प्रकरण में कमिश्नर कोर्ट ने अतिरिक्ट कलेक्टर के आदेश को सही माना और अपीलार्थी शैलेन्द्र जायसवाल की अपील अमान्य कर दी गई। कालोनाइजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति निरस्त होने के बाद भी टुकड़ों में अवैध प्लाटिंग कर विक्रय किए जाने की शिकायत कलेक्टर को मिली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तिफरा के सेक्टर डी स्थित उल्लेखित खसरा नंबरों की भूमि के अवैध विक्रय की जॉच के लिए कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया है।

#### ये हैं जांच समिति में

राजस्व और नगर निगम के अधिकारियों को मिलाकर कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया है। जिसमें मनीष साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बिलासपुर, गरिमा ठाकुर, तहसीलदार, बिलासपुर, भानू प्रसाद पटेल, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर, राजीव स्वर्णकार, उप पंजीयक, बिलासपुर, अनुपम तिवारी, भवन अधिकारी, नगर पालिक निगम, बिलासपुर, एस. पी. साहू, कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 02, नगर पालिक निगम, बिलासपुर, आशीष पाण्डेय, उप अभियंता भवन शाखा, नगर पालिक निगम बिलासपुर, राघवेंद्र सिंह राजपूत, उपअभियंता, भवन शाखा, नगर पालिक निगम, बिलासपुर, जुगल किशोर सिंह, उपअभियंता, भवन शाखा, नगर पालिक निगम, बिलासपुर, ऋतुराज अवस्थी, हल्का पटवारी, तिफरा शामिल है।

# ओवरटेक करने पर आरक्षक ने पूर्व सरपंच के बेटे को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओवरटेक कर आगे निकलने पर डायल 112 के आरक्षक ने दंबगई दिखाते हुए बुलेट सवार पूर्व सरपंच के बेटे को लाठी को पीट दिया, उसके बाद ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया।

■ थाने का घेराव कर हंगामा मचाने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

4 दिन पूर्व शाम को देवंगाव निवासी पूर्व सरपंच भरत खांडेकर का छोटा बेटा संजीव एक अन्य युवक के साथ बुलेट से जा रहा था। जयरामनगर मोहतरा चौक के पास वह डायल 112 को ओवरटेक कर आगे निकला। इस पर उसमें सवार आरक्षक दिनेश निराला ने पीछा कर उन्हें रोक लिया और ओवरटेक करने की बात कहते दंबगई दिखाते हुए गाड़ी से लाठी निकालकर संजीव खांडेकर के साथ जमकर मारपीट की। बताया जाता है मारपीट करने से संजीव का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। आरक्षक के द्वारा मारपीट करने की सूचना पर गांव से बड़ी संख्या में लोग आ गए और थाने का घेराव कर आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगे। टीआई की समझाइश के बाद वे लिखित शिकायत कर लौट गए। आलम यह है कि चार दिन बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर आरक्षक दिनेश निराला ने संजीव खांडेकर के खिलाफ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत की है।

#### झुमाझटकी हुई थी

गाली गलौज करने को लेकर आरक्षक व युवक के बीच आपस में विवाद के साथ झूमाझटकी हुई थी। दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत की गई है। जांच की जा रही है।

**- हरीशचंद्र टाण्डेकर** मस्तूरी टीआई

# डीआरएम ने किया बूम बेरियर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



उसलापुर रेलवे स्टेशन पर स्मार्ट कार्ड आधारित डिजिटल पार्किंग प्रणाली की ओपनिंग एसईसीआर के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय और डीआरएम राजमल खोई ने की।

इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। उसलापुर रेलवे स्टेशन से शुरु होने वाली यह जोन की पार्किंग में पहली सुविधा है। स्मार्ट पार्किंग कार्ड धारक पार्किंग स्थल के बूम बैरियर पर अपना कार्ड टैप करके पार्किंग स्थल में प्रवेश कर सकेंगे। बाहर निकलते समय वे फिर से अपना कार्ड टैप करेंगे और सिस्टम आनुपातिक पार्किंग शुल्क स्वयं काट लेगा। यह प्रणाली वाहनों के निर्बाध प्रवेश और निकास को सक्षम बनाती है। कैशलेस लेनदेन की सुविधा प्रदान करती है और ओवरचार्जिंग को रोकने में मदद करती है, जिससे समग्र पार्किंग प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होता है। पार्किंग उपयोगकर्ता पार्किंग लाइसेंसधारी से अपना स्मार्ट कार्ड खरीद सकते हैं।

### 20 से अधिक देशों में अवार्ड, 63 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सम्मान, छत्तीसगढ़ी फिल्म किरण को शामिल तक नहीं किया

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समिति ने की छत्तीसगढ़ी फिल्म की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में किन्नरों के उत्थान पर बनी फिल्म किरण ने 20 से अधिक देशों में अवार्ड जीता। 63 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड जीत कर सबसे अधिक अवार्ड जीतने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। इसके बाद भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की फिल्म की अनदेखी की गई और इस फिल्म को शामिल तक नहीं किया गया। इस बारे में निर्माता निर्देशक अखिलेश पांडे पीएम मोदी को पत्र लिखते हुए संज्ञान लेने की मांग की है।

पिछले दिनों 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का घोषणा की गई। इस दौरान सभी क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया परंतु छत्तीसगढ़ की छत्तीसगढ़ी भाषा की फिल्म को इस पुरस्कार में शामिल नहीं किया गया।




■ निर्माता निर्देशक अखिलेश पांडे पीएम मोदी को पत्र लिखते हुए संज्ञान लेने की मांग की

ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ के ने किन्नर के उत्थान को लेकर अपनी छत्तीसगढ़ी फिल्म किरण को राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड में सम्मिलित किया था तब उन्हें राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड के द्वारा मेल किया गया कि उनकी फिल्म की भाषा भारत की भाषा अनुसूची में दर्ज नहीं है इसलिए वह अपने कलेक्टर से लिखवा कर दें कि उनके यहां छत्तीसगढ़ी भाषा बोली जाती है और फिल्में बनाई जाती है।

#### छत्तीसगढ़ी भाषा व छत्तीसगढ़ का अपमान



इसके बाद अखिलेश पांडे ने राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड को कलेक्टर से लिखवा कर भी दिया। फिर भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के द्वारा किरण फिल्म पर विचार तक नहीं किया गया। अखिलेश पांडे ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग बिलासपुर के साथ ही छग के विभिन्न शहरों और लोकेशन पर हुई है। किन्नरों के उत्थान पर बनी इस फिल्म किरण ने 20 से अधिक देशों में अवार्ड जीता है। इसके अलावा भारत के भी बहुत से प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी उनकी फिल्म ने अवार्ड जीते हैं। इस फिल्म ने सारी दुनिया में नाम कमाया है और अवॉर्डों का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके बाद भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में चयनित नहीं किया जाना छत्तीसगढ़ी भाषा व छत्तीसगढ़ का अपमान है।

#### बाकी सभी क्षेत्रीय भाषाओं को अवार्ड

किरण फिल्म निर्माता निर्देशक अखिलेश पांडे ने बताया कि बाकी सभी क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को अवार्ड दिया गया लेकिन छत्तीसगढ़ी भाषा की फिल्म को अवार्ड ना देना यह छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान है। उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए मेल में भी इस बात का उल्लेख किया गया है। यह भी बताया गया है कि इससे पहले भी एक छत्तीसगढ़ी फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है जिसका की नाम /"भूलन द मेज/"है उसके बाद भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के द्वारा छत्तीसगढ़ी फिल्म की अनदेखी करना समझ से परे है। अखिलेश पांडे ने इस संदर्भ में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, एवं मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है की छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ न्याय किया जाए।

# पंचम पुण्यतिथि

**अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् ।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ॥**

अर्थ: संकीर्ण सोच वाले लोग अपने-पराये की भावना रखते हैं,
उदार व्यक्ति सारी पृथ्वी को अपना कुटुंब मानते हैं।



## डॉ. वाय. आर. कृष्णा

**फाउंडर एवं चेयरमैन - किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
**कंसलटेंट-सीनियर जनरल सर्जन**
**जन्म : 20 जून 1948, निर्वाण : 07 अगस्त 2020**

आपकी मधुर स्मृतियां हमारा संबल है,
आपके आदर्श, मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे...
**आपकी पुण्यतिथि पर हम समस्त परिवारजन**


**भावपूर्ण श्रद्धांजली**

**अर्पित करते हैं**
**आपका आशीर्वाद सदैव बना रहे....**
**श्रीमती वाय. कमला**

श्रद्धानवत् परिवार : डॉ. किरण सन्कावल्ली
डॉ. पल्लवी सन्कावल्ली, डॉ. रवि शेखर, आन्या, आरुष

# 18 साल बाद यादव समाज संयुक्तरूप से मनाएगा जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



यादव समाज की जिला स्तरीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन के लिए समाज के सभी वर्गों एवं संगठनों की संयुक्त बैठक बुधवार को लखीराम ऑडिटोरियम भवन में हुई। बैठक में समाज के सभी वरिष्ठजन एवं युवाओं ने अपना विचार रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष जिला स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव यादव समाज द्वारा संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि अभी तक बिलासपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समाज के अलग-अलग संगठनों द्वारा 18 वर्षों से अलग-अलग शोभायात्रा निकाली जाती रही है, परंतु इस वर्ष सभी संगठन एक जूट होकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए अपने ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को एक साथ मनाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में मुख्य वक्ता श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति के पूर्व अध्यक्ष बुधराम यादव ने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत में गीता के 18 अध्याय को सुना कर अर्जुन को युद्ध के लिए तैयार किया था। उसी प्रकार आज यादव समाज द्वारा आयोजित भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का यह आयोजन समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। जिससे समाज संगठित होकर सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास करेगा।

सर्व यादव समाज के जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने बताया कि आगामी 16 अगस्त शनिवार को यादव समाज संयुक्त रूप से पीले वस्त्र के रंग में रंगे हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाएगा। जिसमें पूरे जिले के यादव बंधुओं द्वारा एकत्रित होकर भव्य शोभायात्रा आकर्षक झांकियों के साथ बिलासपुर नगर में निकाली जाएगी। बैठक को डी.सी. यादव, मनीराम यादव, धन्नू यादव, यशवंत यादव, शिवशंकर यादव, संजय यादव, अमित यादव, अनिल यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र यादव पूर्व पार्षद ने किया । इस अवसर पर नंदकुमार यादव, किशोर यादव, रामचरण यादव, विशाल यादव, लालजी यादव, अनिल यादव रामलाल यादव, रामफल यादव, ललित यादव अजय यादव, सरजू यादव, आयुष यादव, विक्की यादव, राकेश यादव, धनंजय यादव, विजय यादव, मन्नू यादव, जागेश्वर यादव, श्रीराम यादव, पवन यादव, लालजी यादव, गौरीशंकर यादव, संतोष यादव, दुर्गा यादव, अभिमन्यु यादव, गिरीश यादव, शिवचरण यादव, रोहित यादव, देवी प्रसाद यादव, रघुनंदन यादव, सतीश यादव, राजू यादव, दीपक यादव, अजय यादव, अंकित यादव, अमन यादव, राजा यादव, गेंदराम यादव, अभय यादव, गौरव यादव, शिवम यादव, पुकार यादव, मुकेश यादव, अविनाश यादव, बबलू यादव, लल्ला यादव, अमर यादव, कृष यादव, गोलू यादव, विक्रम यादव, अमर यादव, आशीष यादव, सूरज यादव, ओम यादव, पुकार यादव, पुष्कर यादव, संस्कार यादव, प्रतीक यादव, विकास यादव, गोपाल यादव, गौरव यादव, कृष्ण यादव, राहुल यादव, शुभम यादव, सिद्धार्थ, भोला यादव , सूरज यादव, विकास यादव, निखिल यादव, राजा यादव, तुषार यादव ,रितिक यादव ,अशोक यादव, संतोष यादव, दीपा यादव, दीक्षित यादव, विकास यादव, जयप्रकाश यादव , योगेश यादव, सतीश यादव, ओमकार यादव, तरुण यादव, आकाश यादव, विशाल यादव, आयुष यादव, संतोष यादव, अमन यादव, विलास यादव, सत्येंद्र यादव, सुजल यादव, यश यादव आदि मौजूद थे।

## भाजपा की हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा 10 से: हर्षिता



**बिलासपुर।** प्रदेश भाजपा हर साल की तरह इस साल भी 'हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा' का प्रदेश स्तर पर आयोजन करेगी। इसकी शुरुआत 10 अगस्त से होगी। प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा बिलासपुर संभाग प्रभारी हर्षिता पांडेय ने बताया कि इसके लिए छत्तीसगढ़ भाजपा ने प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर पर समिति का गठन किया है,प्रदेश समिति जिसमें पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। वहीं सदस्य के तौर पर नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर और दीपेश अरोरा की नियुक्ति की गई है। हर्षिता ने बताया कि इस सिलसिले में मंगलवार को रायपुर में समिति की बैठक हुई। इसमे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी 10 से 14 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के आयोजन के निर्देश पर चर्चा की गई। इसके तहत 13 और 15 अगस्त को सभी घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाएगा। जिसे 15 अगस्त की शाम को सम्मानपूर्वक उतारा जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत 10 अगस्त से हो जाएगी। वहीं 12 से 14 अगस्त के बीच तिरंगा यात्रा के साथ-साथ विशेष रूप से स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वीर शहीदों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा। भाजपा नेता मौन जुलूस का आयोजन करेंगे और विभाजन के दौरान उत्पन्न स्थिति को फोटो के जरिए प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। श्रीमती हर्षिता ने बताया कि भाजपा के इस अभियान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया गया है। उनके साथ लता उसेंडी, मंत्री डॉ. नरेंद्र रैना, ऋतुराज सिन्हा, कामाख्या प्रसाद तासा, के. सुरेंद्रन, वीडी शर्मा, सदानंद शेट तानवड़े को भी शामिल किया गया है।

## राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने की 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के महामंत्री राजेन्द्र श्रीवास्तव अभा महामंत्री स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के सुरेश तिवारी के नेतृत्व में नई दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध महासंघों की ओर से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राज्य मंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय डॉ. जितेंद्र सिंह भारत सरकार को एमपी सिंह प्रभारी सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के नेतृत्व में मुलाकात कर 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराते हुए इसके निराकरण की मांग की है। इसमें 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन करने, एनपीएस और यूपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, अनुकंपा नियुक्ति कोटा 5% से बढ़ाकर एकमुश्त करने, 15 वर्षों की बजाय 12 वर्षों के बाद परिवर्तित पेंशन की बहाली, अर्ध वेतन अवकाश (चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना 3 दिन तक) को परिवर्तित अवकाश में बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र के एक बार में अधिकतम तीन दिन के लिए अर्ध वेतन अवकाश का लाभ उठा सकते है।

**एजुकेशन प्लस**

## एवीएम में पुलिस ने चलाया नशा विरुद्ध चेतना अभियान



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा विरुद्ध चेतना अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अति. पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामगोपाल कनियारे थे। विशिष्ट अतिथि आर्यन फिल्म के निर्माता, निदेशक रामानंद तिवारी, रेखा गुल्ला एवं विकास थे। मुख्य अतिथि श्री करियारे ने विद्यार्थियों से कहा - नशा सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का पतन करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने यातायात के नियमों को बताते हुए टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट आवश्यकता तथा फोर व्हीलर के लिए सीट बेल्ट अवश्य लगाए। यदि कोई नशा करके गाड़ी चलते दिखे तो इसकी सूचना पुलिस को दे। पुलिस मित्र बनकर उनकी मदद करे। विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा जागरूक छात्र ही सुरक्षित भारत की नींव हैं। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि विद्यालय स्तर पर ही बच्चों में नशे के खिलाफ चेतना विकसित की जाए। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने कहा विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की पाठशाला भी है। प्राचार्या जी आर मधुलिका ने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर समाज को भी इस दिशा में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा गरिमा गडेवाल और अनुश्री सिंह ने किया। अतिथियों विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पौधों का रोपण किया।

## चौकसे कॉलेज में प्रवेश के लिए आनलाइन पंजीयन आज से



तकनीकी शिक्षा संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा बी.टेक, एम.टेक एवं एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लि संस्था स्तर (स्पॉट राउंड-2) की काउंसलिंग का आदेश जारी किया गया है। यह अंतिम अवसर है। जिसके अंतर्गत छात्र 6 अगस्त से 9 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। मेरिट सूची 11 अगस्त को जारी होगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। इससे पूर्व हुए तीन चरणों की काउंसलिंग में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने छात्रों का जबरदस्त विश्वास जीता है। कॉलेज को संभाग का सबसे अधिक एडमिशन प्राप्त हुआ है। अधिकांश ब्रांचों में 90% से अधिक सीटें भर चुकी हैं। शेष कुछ ही सीटें अब मैनेजमेंट कोटा के उपलब्ध हैं। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने बताया कि हमारा संस्थान बिलासपुर संभाग का सबसे पहला निजी इंजीनियरिंग कॉलेज है। आज हमारे पास सभी ब्रांचों में अनुभवी फैकल्टी है, जिससे छात्रों को क्वालिटी एजुकेशन और बेहतरीन प्लेसमेंट का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मैकेनिकल और एम.बी.ए. विभाग में शत-प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हुआ है, यहां बी.टेक लेटरल एंट्री के अंतर्गत भी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, जिसमें इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच की सभी सीटें भर चुकी हैं। अन्य ब्रांचों में भी कुछ ही सीटें शेष हैं।

## प्रयास पब्लिक स्कूल मोपका के छात्रों का शपथ समारोह




प्रयास पब्लिक स्कूल मोपका में छात्रों का शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसका प्रारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवास इंडियन एयर फोर्स व रिटायर्ड कमांडर हरीशचंद्र तिवारी इंडियन नैवी, प्रयास पब्लिक स्कूल एवं प्रयास अकादमी के सीईओ डॉ. सचिन यादव, प्राचार्य डॉ. पद्माकर तथा को-ऑर्डिनेटर विक्की सोनी ने किया। इसका संचालन उपप्रधानाचार्य शांति मानिकपुरी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक समस्त निकाय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों के लिए जैसे कैप्टन, वाइस कैप्टन तथा डिसिप्लीन इंचार्ज के लिए प्रतिक चिन्ह दिए गए। कक्षा 12वीं से छात्र आर्यन कुर्रे को हेड बॉय, अनिषा सोनी को हेड गर्ल, हर्ष यादव को डिसिप्लीन हेड के साथ-साथ विमलराम वर्मा एवं प्रोनिता राठौर को वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल बनाया गया। मुख्य अतिथि प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। डॉ. सचिन यादव ने छात्रों को का हौसला अफजाई की। मुख्य अतिथि कैप्टन वाई. श्रीनिवास ने छात्रों को जीवन में अनुशासन बनाए रखने की सीख दी। सेना के कमांडर हरिश्चंद्र तिवारी ने शपथ ग्रहण की महत्ता को समझाया। संस्था के सीईओ डा.सचिन यादव ने बताया कि छात्रों में नेतृत्व करने का गुण विकसित कर रहे हैं। छात्र चुनाव में भारी मतों से अनिशा सोनी व आर्यन कुर्रे चुनाव जीते।



## खबर संक्षेप

### सीवी रमन विवि ने दी वर्षा को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय ने वर्षा सूर्यवंशी पी.एच डी. की उपधि दी गई। उनके शोध का विषय धार्मिक नगरी शिवरीनारायण अंचल का ऐतिहासिक अनुशीलन है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. रामरतन साहू के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति को दिया है।

### स्काउट्स एवं गाइड्स ने सीएम से मिलकर सैनिकों के लिए भेजी 60 हजार राखियां



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा रक्षाबंधन पर एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 33 जिलों से बुलबुल, गाइड एवं रेंजर बहनों ने 60111 स्वयं निर्मित राखियां तैयार कर देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों को समर्पित की हैं। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के संरक्षक विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, मुरली शर्मा, राज्य सचिव कैलाश सोनी तथा राज्य सहायक आयुक्त समीर शेख शामिल रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति, सेवा और सृजनशीलता के बीज बोने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा बनाई गई यह राखियां न केवल सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए भावनात्मक सम्बल बनेंगी, बल्कि उनके आत्मबल को भी सुदृढ़ करेंगी।

### पंजाब एंड सिंध बैंक ने चलाया वित्तीय समावेशन अभियान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ - पंजाब एंड सिंध बैंक ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वरूप कुमार साहा के नेतृत्व में बिलासपुर छत्तीसगढ़ में एक व्यापक वित्तीय समावेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य समाज के अन्बैंक्ड और अंडरबैंक्ड वर्गों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है, जिससे वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ावा मिल सके। यह पहल बैंक की वित्तीय समावेशन को गहरा करने और सरकार के प्रयासों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिससे अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया जा सके। इस अभियान के दौरान, बैंक अधिकारी व्यक्तियों और व्यवसायों को जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे वे बैंक खाते खोल सकें, ऋण सुविधाओं का लाभ उठा सकें और अन्य बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकें। हमें विश्वास है कि यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने बताया कि इस अभियान से बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में लोगों को लाभ होने की उम्मीद है।यह बैंक के वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में योगदान करेगा।

### यादव समाज कल्याण समिति का आयुष्मान कार्ड शिविर



**बिलासपुर।** यादव समाज कल्याण समिति द्वारा आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन इमलीपारा यादव भवन में किया गया। इसमें धन्नु यादव, जसवंत यादव, दुर्गेश यादव, भरत यादव, विजय यादव, तेरस यादव कार्यकरिणी अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, रामचरण यादव, कीर्ति यादव, सनत यादव, प्रेमलाल यादव, चन्द्रिका यादव, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 70 साल से ऊपर वरिष्ठजनों का वयोवृंद आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस अवसर जिला अध्यक्ष जसवंत यादव ने कहा यादव समाज कल्याण समिति हमेशा सामाजिक हित के लिए इसी प्रकार के नई-नई योजनाओं के साथ अनवरत कार्य करते आ रहे। आगे भी कार्य करते रहेंगे। इसी कड़ी में इस बार यादव समाज कल्याण समिति यादव समाज के विभिन्न संगठनों के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव 16 अगस्त को भव्य रैली व विशाल शोभायात्रा के साथ मनाने का निर्णय लिया है।

**आटोनामस विवाद** | कालेज वापस पहुंचकर छात्रों ने टीसी से कटवाया स्वशासी शब्द

# टीसी में स्वशासी लिखे होने के कारण एयू में नहीं मिला एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी और डीपी विप्र कालेज के बीच आटोनामस को लेकर चल रहे झगड़े में छात्र-छात्राओं को एडमिशन लेने में परेशानी हो रही है। अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन लेने पहुंचें डीपी विप्र कालेज के छात्रों को एडमिशन देने से इनकार कर दिया गया। क्योंकि डीपी कालेज से बीकाम करके निकले छात्रों के टीसी में स्वशासी कालेज लिखा था। इसकी सूचना मिलने पर छात्रों की भीड़ अटल यूनिवर्सिटी पहुंची थी, बाद में छात्रों को कालेज वापस आकर टीसी से स्वशासी शब्द हटवाना पड़ा।



अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। लेकिन यूटीडी में प्रवेश लेने में डीपी विप्र कालेज के छात्र-छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि उनके टीसी में डीपी विप्र स्वशासी कालेज लिखा है, जिसे लेकर यूनिवर्सिटी को आपत्ति है। डीपी विप्र कालेज के बीकाम अंतिम वर्ष उत्तीर्ण करके निकले छात्र-छात्राएं आस्था शुक्ला, लककी साहू, बादल सिंह, निखिल कश्यप अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में प्रवेश लेने पहुंचे थे। लेकिन यूटीडी में उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया, जिसकी खबर लगते ही डीपी विप्र कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों की भीड़ यूनिवर्सिटी पहुंच गई। छात्रों ने यूटीडी में वाणिज्य डिपार्टमेंट पहुंचकर वहां के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों से इस बारे में चर्चा की तो छात्रों को बताया गया कि यूनिवर्सिटी के कुलपति ने उन्हें ऐसा करने कहा है। इस पर नाराज छात्रों की भीड़ ने वहां काफी हंगामा मचाया, जिसपर विभागाध्यक्ष ने इस विषय पर कुलपति से चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही।

### कुलपति ने टीसी से स्वशासी कटवाने का बताया उपाय

छात्रों की भीड़ कुलपति से मिलने उनका इंतजार करते रही और शाम को जब कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी पहुंचे तो छात्रों की भीड़ उनसे मिलकर बात की, जिसपर कुलपति ने उन्हें बताया कि डीपी कालेज द्वारा जो टीसी विद्यार्थियों को दी गई है उसमें स्वायत्तशासी लिखा हुआ है जो गलत है। उनका कहना था कि विद्यार्थियों का प्रवेश आटोनामस मिलने के पहले हुआ था और इन विद्यार्थियों की परीक्षा भी अटल यूनिवर्सिटी द्वारा ही ली गई है। उक्त विद्यार्थियों की टीसी डीपी विप्र कालेज ही जारी कर सकता है न कि स्वायत्तशासी कालेज, साथ ही कुलपति ने कहा अगर टीसी से स्वायत्तशासी हटवाकर लाते हैं तो हमें प्रवेश देने में कोई दिक्कत नहीं है, हम तत्काल प्रवेश दे देंगे। इसके बाद छात्र-छात्राएं वापस डीपी विप्र कालेज पहुंचे और प्राचार्य से चर्चा कर टीसी में स्वायत्तशासी कटवाकर प्राचार्य का सील, हस्ताक्षर करवाएं हैं, किन्तु आज समय हो जाने के कारण वे प्रवेश लेने दोबारा यूनिवर्सिटी नहीं जा पाएं।

### सामाजिक वानिकी और अनुसंधान से किया जा रहा वितरण

# वन विभाग को अधिकार नहीं मिला, सामाजिक वानिकी ने बांटे 1 लाख 90 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग को इस वर्ष भी विभागीय मद से पौधरोपण करने के अलावा किसी भी व्यक्ति को पौधा विरतण करने का अधिकार शासन से नहीं मिला तो सामाजिक वानिकी अनुसंधान ने 1 लाख 90 हजार पौधों का वितरण किया।

प्रदेश स्तर पर हरियाली लाने के लिए शासन ने हरियाली प्रसार योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत एक-एक रुपए में लोगों को पौधों का वितरण करना शुरु किया गया। एक रुपए का पौधा मिलने की योजना में लोगों का अच्छा प्रतिसाद विभाग को मिला। प्रतिवर्ष पौधों की मांग बढ़नी शुरु हो गई, जिसके बाद एक रुपए का पौधा फ्री में वितरण करने की योजना बना दी गई। इसके तहत बिलासपुर वन मंडल के रेस्ट हाउस के सामने फलदार और छायादार पौधो को नर्सरी से मंगाकर रखा जाने लगा, जहां पहुंचने वाले लोगों को उनकी मांग के हिसाब से वन विभाग के स्टाफ पौधे वितरण करते थे। यह योजना वर्ष 2023-24 तक चली, जिसमें पौधों को घर ले जाने के बाद लोग उसे लगाते या फेंक देते। इसे देखने वाला भी कोई नहीं था। इस योजना के पौधा तुहार घर की शुरुआत हुई, जिसमें एक कॉल पर वन विभाग के स्टाफ गाड़ी में पौधा भरकर घर तक पहुंचाने का काम करने लगे। 15 से 20 साल के दौरान करोड़ों की संख्या में शहर और ग्रामीण स्तर पर पौधे वितरण हुए, लेकिन हरियाली कहीं भी नजर नहीं आई। वर्ष 2023-24 के बाद इस वर्ष भी हरियाली प्रसार योजना के तहत पौधा तुहार घर और पौधा वितरण किए जाने पर लोगों की उम्मीद थी।



### क्या है कैम्पा मद

विभागीय जानकारी के अनुसार जब कोई कंपनी या संस्था वन भूमि का उपयोग करती है तो उसे क्षतिपूर्ति के रूप में एक निश्चित राशि जमा करनी होती है। यह राशि कैम्पा फंड में जमा होती है, जिसका उपयोग वनीकरण और वनों के विकास के लिए किया जाता है। राज्यों में भी कैम्पा प्राधिकरण स्थापित किए गए हैं, ताकि राज्य स्तर पर वनीकरण और वन विकास गतिविधियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके।

### वितरण कैंपा मद से

बिलासपुर वन मंडल में इस साल किसी तरह का कोई पौधरोपण नहीं किया जा रहा है और न ही कोई वितरण हो रहा है। उनके पास अनुसंधान का भी चार्ज है, जिसके कारण अब तक मनरेगा के तहत 1 लाख 90 हजार पौधे लगाने के अलावा कैंपा मद से 94 हजार पौधों का वितरण किया गया है।

-विपुल अग्रवाल
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

### कहीं नहीं दिखते वृक्ष

15 साल के दौरान तीनों विभागों की ओर से इस स्थान पर एक भी पौधा नहीं लगाया गया है। इसी तरह अरपा पार सरकंडा और राजकिशोर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों की संख्या में वृक्षों की बलि दी गई है। पेड़ों की छांव नहीं मिलने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को रखने के लिए भी छांव को ढूंढना पड़ता है। वन विभाग के अनुसार शहर और ग्रामीण एरिया में तीन साल के अंतराल में कहीं भी पौधरोपण न तो विभागीय किया गया और न ही कैंपा मद और अन्य मद से किया गया। इसके कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाए तो गए, लेकिन अब तक वृक्ष नहीं बन पाए।

### एक नर्सरी जहां पौधा नहीं

इस वर्ष वन विभाग के अफसरों ने प्रांगण से पौधा वितरण करने की योजना पर विराम लगा दिया है। वन विभाग बिलासपुर में एक मात्र नर्सरी रतनपुर के इंदिरा अमराई में बनी हुई है, जहां एक भी पौधा तैयार नहीं किया गया है। इसके अलावा कानन पेण्डारी जू के बाद अरण्यिका बनी है, यह अरण्यिका बिलासपुर वन मंडल के बजाय सामाजिक वानिकी की जिम्मेदारी में हैं। बिलासपुर वन मंडल के पास पौधा बांटने की जिम्मेदारी तो नहीं है, लेकिन जिस व्यक्ति को पौधों की आवश्यकता होगी उन्हें अरण्यिका तक अपने स्वयं के वाहन लेकर लेने जाना होगा।



विद्युत मंडल तिफरा का घेराव करते कांग्रेसी।

## बिजली बिल हॉफ योजना को लेकर कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार द्वारा बिजली हॉफ योजना तहत पहले जो 400 यूनिट तक छूट दी गई थी, उसे घटाकर 100 यूनिट कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर विष्णुदेव साय सरकार के इस निर्णय के विरोध में जिला, शहर कांग्रेस कमेटी बुधवार को सीएसईबी तिफरा कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया।

- सरकार के 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट किए जाने का जमकर विरोध

इससे पूर्व सभी कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से तिफरा सीएसईबी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने साथ हाथ पंखा एवं एक टेबल फेन लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेसजनों द्वारा घेराव की सूचना पर सीएसईबी कार्यालय के दोनों प्रवेशद्वार पर ताला लगा दिया गया था और गेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। घेराव के लिए तखतपुर , बिल्हा, मस्तूरी, बेलतरा, बिलासपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे थे। घेराव प्रदर्शन के बाद कांग्रेसजनों ने सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता ईडी अम्बष्ट को ज्ञापन सौंपा। घेराव के पूर्व अध्यक्ष द्वय विजय केशरवानी व विजय पांडेय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। पिछले माह ही प्रदेश सरकार ने बिजली का दाम चौथी बार बढ़ाया है।

कांग्रेस पार्टी इस फैसले का विरोध करती है। इस घेराव में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी समेत पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, श्रीमती रश्मि सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र साहू, प्रमोद नायक, रविन्द्र सिंह, नरेन्द्र बोलर, देवेन्द्र सिंह, महेंद्र गंगोत्री, समीर अहमद, जगदीश कौशिक, शिवा मिश्रा, राजू यादव, महेश दुबे, अशोक शुक्ला, लक्ष्मीनाथ साहू, गीताजंलि गौशिक, जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, सीमा घृतेश, शहजादी कुरैशी, शेख असलम आदि कांग्रेसजन शामिल रहे।

## हमारी भावी पीढ़ी को संस्कृत से जोड़ना होगा: पांडेय




**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विवि में संस्कृत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत के विद्वानों ने संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता, उसके वैश्विक स्थिति, धार्मिक और आध्यात्मिक पहलुओं को सबके सामने रखा । इस आयोजन में भाषा एवं साहित्य विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं आईकिउएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीएमडी महाविद्यालय संस्कृत विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ कमला प्रसाद पांडे ने वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखती है। जिस तरह ग्वाला घर-घर जाकर दूध बनता है । इस पवित्रता के साथ हमें संस्कृत के प्रचार प्रसार को सबके सामने घर-घर जाकर रखना होगा। तभी हम भावी पीढ़ी को संस्कृत से जोड़ सकेंगे। उन्होंने विभिन्न वेदों की जानकारी दी। धर्म ग्रंथों को वर्तमान जीवन शैली अध्यात्म से जोड़कर बताया। वक्ता डॉ संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि जो संस्कारवान बनाएं वही संस्कृत है । उन्होंने बताया कि जितने भी विद्या के ग्रंथ हैं। वह सभी संस्कृत में हैं । उनका मूल ही संस्कृत है। चिकित्सा, शिक्षा, जीवन शैली, अध्यात्म, धर्म, योग ,विज्ञान, ज्योतिष, वास्तु, अंक गणित, सामुद्रिक शास्त्र, सहित जितने भी ज्ञान है। उन सभी का मूल संस्कृत में ही है। उन्होंने वर्णमाला के शब्दों, अक्षरों को शरीर विज्ञान और मंत्र से जोड़कर अपनी बात रखी।

- डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय ने मनाया संस्कृत दिवस

### हम ही संस्कृत के वाहक बनेंगे: कुल सचिव तिवारी

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि एक समय चक्र होता है । जिसमें परिवर्तन होता है । अब हम वापस अब समय चक्र के माध्यम से संस्कृत की प्रासंगिकता पर लौट रहे हैं। हम ही संस्कृत के वाहक बनेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही संस्कृत भाषा तकनीक की भाषा बनने वाली है । जिस दिन संस्कृत तकनीक की भाषा बन जाएगी । उसे दिन हम सब की भाषा होगी । भारत तकनीक के क्षेत्र में विश्व में सबसे अग्रणी होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के विषय में जानकारी दी। डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि संस्कृत में संस्कृति समाहित है । संस्कृत पढ़ने से हमें संस्कृति की जानकारी होती है.। उन्होंने सावन पूर्णिमा से पढ़ाई प्रारंभ होने और पौष पूर्णिमा तक पूरी होने की बात बताई । उन्होंने विभिन्न वेद, उपनिषदों, वेदांतों, को विस्तार से सबके सामने रखा। कार्यक्रम में डॉ गुरप्रीत बग्गा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ आंचल श्रीवास्तव ने किया।

## अक्टूबर तक हो जाए उसलापुर स्टेशन का काम पूरा



**बिलासपुर।** एसईसीआर जोन के पीसीसीएम और डीआरएम सहित अन्य अधिकारियों ने उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन पहुंचकर अचानक निरीक्षण करना शुरु कर दिया। अधिकारियों के अचानक पहुंचने के कारण स्टेशन स्टाफ और काम करने वाले ठेकेदार के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मार्च में कम्पलीट किए जाने वाले कार्यो की गति धीमी देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अक्टूबर तक पूरा काम करने निर्देशित किया। अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करते हुए उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का काम पिछले दो साल से किया जा रहा है। काम की गति धीमी होने के कारण सबसे अधिक परेशानी आने-जाने वाले यात्रियों को हो रही है। वहीं दूसरे स्टेशन की ओपनिंग के साथ बार-बार उसलापुर को शामिल करने के मंसूबों पर पानी फिर जा रहा है। पहले उसलापुर को डेवलप करने का टारगेट जनवरी फिर मार्च तक रखा गया था, लेकिन मार्च के बाद जुलाई और अगस्त आ गया परंतु काम कम्पलीट नहीं हो सका। रेलवे बोर्ड भी जोन व डिवीजन के अफसरों ने स्टेशन में किए जाने वाले कार्यो के संबंध में जानकारी लेता है, जिसकी वजह से जोन एवं डिवीजन स्तर पर उचित जानकारी नहीं दी जा रही है।

## पुलिस ने जगाई यातायात जागरूकता की अलख




**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण में यातायात पुलिस द्वारा रक्षा बंधन पर नागरिक संगठनों एवं संस्थाओं ने आम नागरिको को बहनों के रक्षा के संकल्प के साथ ही स्वयं की सुरक्षा करने यातायात नियमो का पालन करने नसीहत दी। समूह के सदस्यों के साथ यमराज के प्रतिरूप द्वारा भी लगातार विभिन्न चौक चौराहे पर लोगों को यातायात नियमों का पालन किए जाने करने आह्वान किया गया। वहीं यातायात नियमों की उल्लंघन पर जीवन संकट की स्थिति निर्मित करने वाले किसी भी लापरवाह वाहन चालकों को माफ नहीं किए जाने का संदेश प्रमुखता से दिया गया।


## निधन

### सावित्री बाई वर्मा



**बिलासपुर।** तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे रहने वाली सावित्री बाई वर्मा का 6 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अगस्त का सुबह उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दशरथ लाल वर्मा, रामानंद, रामरतन, शंकर, महेश, अनुसुइया वर्मा की माता थीं।

### लक्ष्मण प्रसाद यादव



**तखतपुर।** ग्राम हरदी निवासी लक्ष्मण प्रसाद यादव का 65 वर्ष की उम्र में 5 अगस्त को निधन हो गया। वे ललिता यादव के पिता, किश्नु यादव के चाचा, रवि, विक्की, अर्जून के दादा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरदी में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### रेखा पटेल

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत मोढ़े निवासी रेखा पटेल का 55 वर्ष की आयु में 5 अगस्त को निधन हो गया। वे जनक राम पटेल के पुत्र, शेखर पटेल के भाई, माधवन पटेल के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोढ़े में किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली
पक्षकार- श्री रामनाथ बनाम छ.ग. शासन

आवेदक श्री रामनाथ पिता टेकचंद, जाति तेली, निवासी ग्राम बघर्रा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत: के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27, रा. नि.म. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 131/7 रकबा 0.0120 हेक्टे, भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली
पक्षकार- श्री रामनाथ बनाम छ.ग. शासन

आवेदक श्री रामनाथ पिता टेकचंद, जाति तेली, निवासी ग्राम बघर्रा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत: के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27. रा. नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 131/23 रकबा 0.0100 हेक्टे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम- नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली
पक्षकार- श्री रामनाथ बनाम छ.ग. शासन

आवेदक श्री रामनाथ पिता टेकचंद, जाति तेली, निवासी ग्राम बघर्रा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वत: के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27, रा. नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 131/9 रकबा 0.0120 हेक्टे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास-152 आबंटी श्रीमती ईश्वरी दुबे पति श्री ध्रुव कुमार दुबे के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2021 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री सदन श्रीवास पिता श्री शंकर लाल श्रीवास को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**
रा.प्र.क्र. 202411071300029/ अ-6 (अ)/2024-25
ग्राम- डंगनिया, तहसील मस्तूरी,
चंद्रप्रकाश टण्डन पिता स्व. नंदलाल टण्डन, निवासी मस्तूरी, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.).... अपीलार्थी
विरूद्ध
निखिल टण्डन पिता स्व. दिलहरण टण्डन, निवासी डंगनिया, तहसील मस्तूरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)... उत्तरवादी

एतद् द्वारा ग्राम डंगनिया, प.ह.नं 60, रा.नि.मं. मल्हार, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर के उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि, आवेदक द्वारा न्यायालय तहसीलदार मस्तूरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202308071300021/अ-6 (अ), पारित आदेश दिनांक 18.07.2024 के विरूद्ध भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22.08.2025 के लिए नियत है।

अत: आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री शांतनु खण्डेलवाल पिता श्री सुधीर खण्डेलवाल उम्र 47 वर्ष पेशा-व्यापार, निवासी-ग्रीन गार्डन कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत व नियुक्त होकर उनके कहे व बताये अनुसार निम्न आशय का आम सूचना पत्र का प्रकाशन कराता हूं कि श्री रोहित पिता स्व. उमराव जाति सतनामी ग्राम, तुरकाडीह, पटवारी हल्का नम्बर 00054, राजस्व निगम मण्डल, पेंडारी, तहसील, सकरी, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं 463/3, 469/1, 470/3, कुल रकबा 0.99 हे. (0.24 ए.) देवकी बाई पति रोहित कुमार जाति सतनामी, ग्राम, तुरकाडीह, पटवारी हल्का नम्बर 00054,राजस्व निगम मण्डल, पेंडारी, तहसील, सकरी, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं 455/2, रकबा 0.361 हे. (0.89 ए.) एवं कृष्ण कुमार व हरिश दोनों पिता रोहित ग्राम, तुरकाडीह, पटवारी हल्का नम्बर 00054,राजस्व निगम मण्डल, पेंडारी, तहसील, सकरी, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं 455/4, 463/1, 469/2, 469/3 एवं 462/2 कुल रकबा 0.3873 हे. (0.96 ए.) उपरोक्त किसानो की भूमि को श्री प्रकाश कुमार गुप्ता पिता आर. एल. गुप्ता उम्र 50 वर्ष जाति गुप्ता पेशा निवासी चंदेला नगर, रिंग रोड नंबर 02 बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अनुबंधित कर उपरोक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार से बिकी करने का पक्का सौदा कर एक लिखित इकरारनामा दो गवाहों के समक्ष निष्पादित किया गया है जिसका शीघ्र ही विक्रय कर पंजीयन किया जाना तय हुआ है।

अत: कोई भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्थाएं, बैंक अथवा निकाय को उपरोक्त संपत्ति/भूमि के क्रय विक्रय संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित एवं दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत की गई दावा आपत्ति शून्य होगा। सो सूचना जाने।
**भवदीय**
**अनुराग पाण्डेय (अधिवक्ता)**
**छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9893903084**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## वेकैंसी

# इंडियन नेवी में एसएससी ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी



**बिलासपुर।** इंडियन नेवी की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 9 अगस्त से स्टार्ट कर दी जाएगी, जो निर्धारित अंतिम तिथि 1 सितंबर 2025 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। भारतीय नौसेना में अभ्यर्थी ने पदानुसार बीई/बीटेक/मास्टर डिग्री इन इलेक्ट्रॉनिक्स-फिजिक्स/ एमएससी आईटी/ एमसीए/ एमएससी/ लॉ में डिग्री/ संबंधित क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री आदि प्राप्त की हो। पात्रता एवं आयु सीमा की पदानुसार विस्तृत डिटेल के लिए नीचे नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक पूरी जानकारी हासिल की जा सकती है। इंडियन नेवी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के जरिये कुल 260 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

### ये है प्रॉसेस

इस भर्ती में आवेदन के लिए जो उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं वे वे भारतीय नौसेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल पर जाकर आवेदन कर। सकेंगे। एप्लिकेशन प्रॉसेस पूर्ण करने के लिए पहले पंजीकरण करना होगा और उसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास आधार नंबर होना जरूरी है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं या नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

# इस बार दुर्लभ संयोग पर बंधेगी राखी

सावन पूर्णिमा के दिन 9 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन उत्साह से मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर उनसे आशीर्वाद लेंगी। वहीं भाई अपने बहनों को गिफ्ट देकर सुख-दुख में साथ देने का वचन देंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रक्षाबंधन का यह पर्व एक ऐसा पर्व है जिसे देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल दशकों बाद रक्षाबंधन पर दुर्लभ महा संयोग बन रहा है। दिन, नक्षत्र, पूर्णिमा संयोग, राखी बांधने का समय लगभग समान है। इस योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने और राखी बांधने से दोगुना फल मिलेगा। रक्षाबंधन के दिन सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक है। ज्योतिषियों के अनुसार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी। 8 अगस्त को भद्रा दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से 9 अगस्त को देर रात 1 बजकर 52 मिनट तक है। इसलिए 9 अगस्त को राखी का त्योहार मनाया जाएगा।

### इस समय बांध सकते हैं राखी

9 अगस्त को राखी बांधने का सही समय **सुबह 5 बजकर 21 मिनट** से लेकर **दोपहर 1 बजकर 24 मिनट** तक है। इस समय तक बहनें अपने भाई को राखी बांध सकती हैं। इसके बाद भाद्र पद महीने की शुरुआत होगी।

### रक्षाबंधन 9 को, सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा



## ब्राह्मण बहनों ने सैनिकों के लिए भेजी राखियां, दी शुभकामनाएं



ब्राह्मण समाज की बहनों ने सरहद पार तैनात वीर सैनिकों के लिए राखियां एवं अक्षत तिलक के साथ खूबसूरत संदेश भेजीं। राखियां भेजने वालों में जिला बिलासपुर की अध्यक्ष अर्चना तिवारी, राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, ज्योति शुक्ला, मीरा बाजपेई, प्रेमलता दुबे, अर्चना शुक्ला, पूर्णिमा मिश्रा शामिल है। इसमें एमएस परसदा स्कूल के बच्चों द्वारा बनाई राखियां भी शामिल है। जिसमें उन्होंने सैनिकों के त्याग और बलिदान के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की। रश्मि शुक्ला, रोशनी दीक्षित, पुष्पा शुक्ला, सचिव शशि प्रभा पांडेय, नंदिनी तिवारी, लता दुबे, अनु पांडेय ने वीर जवानों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## ईश्वरीय वरदान देकर बीके बहनों ने बांधी राखी



बीके मंजू दीदी के साथ ब्र.कु. गायत्री बहन ने बिलासपुर के कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, एसईसीएल संस्थान के सीएमडी हरीश दुहन, उप पुलिस अधीक्षक रश्मित चावला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, समाज कल्याण विभाग, बिलासपुर के संयुक्त संचालक तिलकेश भावे, एसईसीएल संस्थान के वरिष्ठ प्रबंधक व पीआरओ सनीश चंद्रा को रक्षा सूत्र बांधा। दीदी ने सभी को ईश्वरीय संदेश देते हुए सभी को ब्लेसिंग कार्ड दिया व सेवा केंद्र आने व मुख्यालय माउंट आबू चलने का निमंत्रण भी दिया।

## धर्म-क्षेत्र

# पीताम्बरा पीठ में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ व प्रदोषकाल में विशेष पूजन

**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास मे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा निरंतर किया जा रहा हैं। सावन के अवसर पर त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया



किया गया, यह आयोजन 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा। इस अवसर पर नित्य प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक नमक चमक विधि से किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रातः 9 से 1:30 तक महारुद्राभिषेक किया गया तत्पश्चात प्रदोष काल में त्रयोदशी प्रदोष पूजा सायं 5:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें 3000 पुष्प महादेव को शिव सहस्त्रनाम द्वारा समर्पित किया गया। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि श्री शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र एक अत्यंत पवित्र और शक्तिशाली स्तोत्र है, जो भगवान शिव की सर्वश्रेष्ठता और शक्ति की प्रशंसा करता है। यह स्तोत्र शिव पुराण से है, जिसे महर्षि वेद व्यास ने संकलित किया है। इसमें भगवान शिव के हजारों नामों के माध्यम से उनकी महिमा, गुण, और दिव्यता का वर्णन किया गया है। श्री शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र भगवान शिव को प्रिय है, और इसका पाठ करने से भक्त शिव के दिव्य स्वरूप का अनुभव कर सकते हैं। इस स्तोत्र के पाठ से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है, और भक्त को सुख, शांति, समृद्धि, और मुक्ति की प्राप्ति होती है। श्री शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र के पाठ से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है, जो भक्त के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाती है।

# हरित श्रृंगार में रिचा बनीं सावन सुंदरी






**बिलासपुर।** जीजा माता महिला मंडल का सावन उत्सव आई तुलजा भवानी मंदिर कुदुदंड बिलासपुर में उल्लास के साथ मनाया गया। हरित श्रृंगार के साथ रिचा ठाकरे सावन सुंदरी बनी। ओल्ड इस गोल्ड में लकी ड्रा द्वारा राधा भोंसले सावन सुंदरी बनी।

सबसे पहले मां तुलजा भवानी की पूजा-अर्चना कर हरे वस्त्र से श्रृंगार किया गया। स्टेज प्रोग्राम में राजमाता जीजा माता की पूजा कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। महिला मंडल की सीनियर पदाधिकारी ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, शिव तांडव स्त्रोत के बाद सावन उत्सव पर भजन गाए। सावन के पारंपरिक गीतों से मराठी गीत में नृत्य, एकल नृत्य, समूह नृत्य किया गया। प्रकृति के अनुरूप मराठा बहने भी सावन उत्सव में श्रृंगार कर हिस्सा लिया। सभी विजेता बहनों और प्रतिभागियों को महिला मंडल ने पुरस्कार दिया। संरक्षक लक्ष्मी वॉशिंग ने कीरिंग गिफ्ट दिया। सावन सुंदरी का चयन शैलजा दाभाडे, आशा शर्मा और प्रतीक्षा तिवारी ने किया। इस मौके पर महिला मण्डल की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

# हरे श्रृंगार में मनाया सावन उत्सव



जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर पूजा समिति के सदस्यों ने शिव भगवान और हनुमानजी की पूजा आरती की और खीर का प्रसाद वितरण किया। इस पूजा में सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी पहन कर हाथों में मेहंदी लगाकर सावन उत्सव मनाया। भजन-कीर्तन भी किया। इसमें जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर पूजा समिति की सुजाता, दीपा, दुर्गा, नीलम, दीप्ति, भारती, आरती, सीमा, तृप्ति, सविता, गायत्री, अनिता, वंदना, सुनीता, मिथिलेश, अरुणा, रमेश गुप्ता, धीरेंद्र आदि शामिल रहें।

# नृत्य संगीत के साथ मनाया सावन उत्सव




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज महिला संगठन द्वारा सावन उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम में महिलाओं ने नृत्य संगीत के साथ सावन उत्सव में शामिल हुए। सर्वप्रथम माता बिलासा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी महापौर, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत मल्हार धनेश्वरी कैवर्त उपस्थित रहीं। महापौर ने कहा कि केंवट समाज महिला संगठन अब घर से बाहर निकल समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाओं को समाज में सम्मान मिलना चाहिए। समाज ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन भजिया, पकौड़ी, पूड़ी, मिर्ची भजिया व अन्य व्यंजन का लुत्फ उठाया। इस आयोजन में महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता, गीत संगीत, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## समारोह

# केवी के आर्यन, प्रांजलि बने स्कूल कैप्टन, ली शपथ



**बिलासपुर।** विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रसार एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में विद्यार्थी परिषद का पदारोहण एवं अलंकरण समारोह प्राचार्य रमाकांत कौशिक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन हुआ। विद्यार्थियों के समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। क्रियाकलाप प्रभारी सुनील पाण्डेय एवं शालिनी सक्सेना के निर्देशन में विशिष्ट अंदाज़ में अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थी परिषद के समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ड्रम की प्रेरणादायक धुन ने सब में उत्साह एवं उमंग का संचार किया। सभी पदाधिकारियों को शैश एवं बैच पहनाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्हीके सोनी, राजेश देवांगन, निर्मला साहू, नीलम सिंह, महेंद्र हिरवानी, केवरा पटेल, ईप्सा जैन, सौरभ सिंह, भूपेंद्र श्रीवास्तव, रवि देवांगन, दीपक श्रीवास एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

**इन्होंने ली शपथ :** सबसे पहले विद्यालय के छात्र प्रमुख आर्यन तिवारी, छात्रा प्रमुख प्रांजलि देवांगन फिर उपकप्तान के रूप में हर्षवर्धन साहू व ललिता कौशिक, क्रीड़ा कप्तान के रूप में जैनिल भट्ट व निवेदिता बंजारे ने शपथ ली। जिन्होंने विभिन्न क्रीड़ा गतिविधियों में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। इसके बाद सुभाष सदन, टैगोर सदन, अशोक सदन एवं रमन सदन के छात्र-छात्रा प्रमुख ने शपथ ली।

## स्पोर्ट्स न्यूज

# शौर्य ने जीता कांस्य पदक



**बिलासपुर।** सीबीएसई जोन स्तर बॉक्सिंग खेल का आयोजन पश्चिम बंगाल के पूर्व इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। व्यायाम शिक्षक अरुण दुबे ने बताया कि 29 जुलाई से 2 अगस्त तक सीबीएसई जोन स्तर बॉक्सिंग खेल का आयोजन पश्चिम बंगाल के पूर्व इंटरनेशनल स्कूल दुर्गापुर में आयोजित किया गया था,जिसमें अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी के छात्र शौर्य दुबे ने अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करते हुए 65 से 70 कि. ग्रा. वजन समूह में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। शौर्य के इस उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टर वीरेंद्र चौहान, प्राचार्या प्रीति चौहान, उपप्राचार्या मिकूं मिश्रा ,देविका चौहान,एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता आज



छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा आयोजित चौथी राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता के ओपनिंग के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक संचालक खेल ए एक्का रहेंगे। यह आयोजन एथलीट नीरज चोपड़ा के भाला फेंक प्रतियोगिता में ओलंपिक में प्रथम बार गोल्ड मेडल भारतीय इतिहास में पहली बार प्राप्त होने पर यह आयोजन किया जाता है समापन के मुख्य अतिथि मुख्य भंडार प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल नवीन सिंह होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता जसविंदर सिंह भाटिया द्रोणाचार्य अवॉर्डी होंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता हेमन्त सिंह परिहार ने दी।





## बृहस्पतिबाजार चौक बदहाल

बिलासपुर। नगरनिगम द्वारा लगातार की गई कार्रवाईयों के बाद भी बृहस्पतिबाजार चौक का हाल बेहाल है। चौराहे पर फिर फुटकर सब्जी व्यापारियों व ठेलों वालों का कब्जा हो गया है। चौराहे पर बेतरतीबी से वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे लगातार ट्रैफिक जाम हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### आटो सवार युवकों ने शिक्षक के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** बाइक को टक्कर मारने पर देखकर चलाना बोलना शिक्षक को महंगा पड़ गया। आटो सवार युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए सरेराह शिक्षक के साथ हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेलीनाका निवासी विक्रम सोनी पिता स्व छेदीलाल सोनी मस्तूरी भटचौरा शासकीय स्कूल में शिक्षक है। 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वे बाइक से एलआईसी आफिस से घर जा रहे थे। स्मार्ट सड़क सिग्नल नेहरू नगर में रूके थे। इसी दौरान पीछे से आटो क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू, 9891 के चालक ने तेजी से मचाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने चालक को देखकर चलाने के लिए कहा। उसके बाद वह गणेश चौक की ओर जाने लगे। आटो में सवार युवक उनका पीछा करते हुए आए और विवेकानंद स्वीट्स के पास उन्हें रोक लिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट कर दी है।

### गांजा बेचते महिला सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक महिला व युवक को पकड़कर 3 किलो 740 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली चिंगराजपारा में एक महिला व युवक गांजा बेच रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर संध्या सिंह ठाकुर पति सतीश सिंह ठाकुर 29 साल चिंगराजपारा सूर्या चौक व राजेन्द्र साहू पिता राजकुमार साहू 20 साल चिंगराजपारा निवासी को पकड़ लिया। दोनों के पास से 3 किलो 740 ग्राम गांजा व 6 हजार 250 रुपए बिक्री रकम जब्त बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मोबाइल चोरी करने वाले नाबालिग पकड़े गए

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो घरों से मोबाइल चोरी करने वाले दो नाबालिगों को पकड़कर चोरी के 2 मोबाइल बरामद कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त को सूर्या विहार निवासी सुनिता मानिकपुरी पति साहेब दास के घर से 20 हजार का मोबाइल चोरी हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा था। इसी तरह उसी दिन बसंत विहार निवासी सुरेन्द्र देवांगन के घर से 30 हजार का मोबाइल चोरी हो गया था।

### 4 से अधिक 33 केवी सबस्टेशन रहे बंद, 3 दर्जन से अधिक इलाके अंधेरे में डूबे

# तिफरा 132 केवी सबस्टेशन में आई खराबी शाम होते ही हजारों घरों में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोड बढ़ने के बाद बिजली विभाग के उपकरण जवाब देने लगे है। बुधवार की शाम 5 बजे के करीब तिफरा स्थित 132 केवी के सबस्टेशन में अचानक खराबी आ गई। इस दौरान ट्रांसफार्मर में लगा डिस्ट ब्लास्ट होकर टूट गया। जिसके बाद इंदू चौक, व्यापार विहार, नेहरू नगर, भारतीय नगर 33 केवी सबस्टेशन बंद रहा, इस दौरान 3 दर्जन से अधिक इलाकों में बिजली ठप रही। शाम को हुई इस घटना के बाद अंधेरा छा गया।

- ट्रांसफार्मर की डिस्क में आई खराबी

बुधवार की शाम महाराणा प्रताप चौक से लेकर भारतीय नगर, स्मार्ट सड़क, भारतीय नगर चौक, इंदू चौक, सहित कई इलाकों में बिजली गुल रही, शाम 5 बजे से रात 8.30 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान सबस्टेशन मेटेनेंस की टीम ने मोर्चा संभाला और मरम्मत की गई। जिसके बाद ही क्षेत्र बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। बताया जा रहा है कि उमस भरी गर्मी के कारण लगातार बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं, शाम को हुई बूंदाबांदी के बाद जम्पर जलने और इंश्योलेटर खराब होने के कारण कई इलाकों में बिजली बंद रही। इस दौरान विनोबा नगर, तेलीपारा, मसानगंज, करबला, हेमु नगर, अशोक नगर, नेहरू नगर, जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही। इस दौरान एक बार फिर बिजली विभाग की मुस्तैदी की पोल खुलती रही, फ्यूज कॉल के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के फोन तक अटेंड नहीं किया, जिसके कारण उपभोक्ता को हलाकान होना पड़ा।

#### बूंदाबांदी का असर नहीं, उमस बरकरार

मौसम की मार के आगे हर कोई बेबस है, तापमान में असामान्य तौर पर 5 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो चुकी है, बिलासपुर जिले का तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया है, यही कारण है कि शाम को हुई 20 मिनट की बुंदाबांदी भी काम नहीं आई और उमस भरी गर्मी से सभी को हलाकान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून हवाएं कमजोर पड़ चुकी है, हालांकि द्रोणिका का असर दिखाई दे रहा है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। लोगों को बारिश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

### कुदुदण्ड में पिछले 15 दिनों से पानी की समस्या, टैंकर से हो रही सप्लाई





कुदुदण्ड में पिछले 15 दिनों से पानी की समस्या है। खास तौर पर शिव चौक से एसबीटी कालेज और उससे आगे के लोग इस उमस और भीषण गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरस रहे हैं। यहां की पाइप लाइन में समस्या है जिसका निराकरण नहीं किया जा सका है। निगम इंजीनियर भूषण पैकरा के मुताबिक पाइप लाइन की सफाई की जा रही है। कुछ जगहों पर पेड़ के जड़ मिले हैं तो कई जगहों पर पत्थर और पन्नियों के फंसे के कारण सप्लाई में परेशानी आ रही है। वार्ड पार्षद अनिता हिमांशू कश्यप कश्यप के मुताबिक दो सप्ताह से अधिक का समय हो गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी के साथ ही जल विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर परेशानी बताई गई। इसके बाद भी पानी सप्लाई सही नहीं हो सकी है। निगम के मुताबिक फिलहाल टैंकर से पानी सप्लाई हो रही है। जल्द ही पाइप लाइन की समस्या दूर कर ली जाएगी।

**तिफरा सब्जी बाजार के पास हुआ हादसा**

### पोल से गिरी चिंगारी झुलसे बालक को सिम्स में किया गया भर्ती

तिफरा स्थित सब्जी बाजार में मंगलवार की रात 10.30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बच्चे पर बिजली की चिंगारी बरस गई। खंबे से गिरी चिंगारी के चलते बच्चा झुलस गया, उसे सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं बिजली कर्मचारियों ने क्षेत्र की बिजली मरम्मत नहीं की जिसके चलते लोगों को रात भर गर्मी से परेशान होना पड़ा।

तिफरा यादव मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय बालक बिजली तार से अचानक गिरी चिंगारी के चपेट में आने से झुलस गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि सूर्या बाई निर्मलकर का बेटा राखी दुकान में काम करता है, घर की परस्थिति खराब होने के कारण वह बाजार चौक के ही छोटे दुकानों में काम कर रोजी-रोटी का जुगाड़ करता है, मंगलवार की रात 10.30 बजे राखी की दुकान में काम कर रहा था, उसी दौरान पास के खंबे से चिंगारी निकलने लगी, जिसकी चपेट में आकर बालक झुलस गया, आसपास के लोगों ने उसे तत्काल सिम्स भेजवा दिया और घटना की जानकारी तिफरा बिजली कार्यालय को दी गई, लेकिन कर्मचारी नहीं पहुंचें, घंटों बाद कर्मचारियों के आने के बाद मोहल्ले वालों ने कर्मचारियों को फटकार लगा दी,मौका देख कर्मचारी गायब हो गए। ऐसे में रात 1.30 बजे के करीब बिजली सुधार हो सका।

### 58 हजार एपीएल कार्डधारियों के एक महीने के चावल पर 'डंडी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अप्रैल से जून महीने तक तीन महीने का खाद्यान्न एकमुश्त मिलने की खुशी मनाने वाले एपीएल राशनकार्ड धारी सिर्फ दो ही महीने का खाद्यान्न मिलने के कारण दुखी हैं। जिले के करीब 58 हजार एपीएल कार्डधारकों को अब तक एक महीने का चावल अप्राप्त है। इस मामले में कहीं ऊपर से ही चावल का आबंटन जारी नहीं होने, या तीन महीने के खाद्यान्न वितरण की तिथि समाप्त हो जाने एवं राशन दुकानदारों द्वारा डीडी नहीं देने के कारण नान से चावल का आबंटन जारी नहीं होने जैसी बातें कही जा रही हैं।



- बीपीएल को मिला तीन महीने का एकमुश्त चावल
- एपीएल को सिर्फ दो महीने का

तीन महीने का एकमुश्त खाद्यान्न पाकर एक ओर जहां प्रदेश के बीपीएल राशन कार्डधारकों ने चावल उत्सव मना लिया, वहीं इस उत्सव के दौरान अपने एक महीने के चावल से अब तक वंचित रहे एपीएल कार्डधारी दुखी हैं। एपीएल कार्डधारियों को इस योजना के अंतर्गत केवल अप्रैल व मई महीने का ही खाद्यान्न जारी किया गया है। जून महीने के खाद्यान्न के लिए हितग्राही फिलहाल राशन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। जिले में एपीएल राशन कार्डधारियों की कुल संख्या 71 हजार 678 है। इनमें 12 हजार 886 हितग्राही ग्रामीण हैं, वहीं 58 हजार 752 शहरी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल व एपीएल श्रेणी के सभी हितग्राहियों को अप्रैल से जून तक तीन-तीन महीने का खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। इसके विपरीत शहरी क्षेत्र के 58 हजार 752 हितग्राहियों में भी ज्यादातर लोगों ने तीन महीने का खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है, लेकिन इस बात से बिल्कुल भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कुछ हितग्राही राशन प्राप्त करने से अब भी वंचित न रह गए हों। सूत्रों के अनुसार राशन वितरण नहीं हो पाने के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें एक कारण शासन द्वारा वितरण के लिए निर्धारित 31 जुलाई की तिथि पार हो जाने को भी माना जा रहा है। इसी तरह विभाग का यह भी कहना है कि हो सकता है राशन दुकानदारों द्वारा डीडी प्रस्तुत नहीं करने के कारण उन्हें चावल का आबंटन जारी नहीं किया गया होगा। यही कारण है कि अब हितग्राहियों को राशन दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

#### 31 जुलाई तक करना था वितरण

राशन दुकानों से तीन महीने के खाद्यान्न वितरण के लिए 31 जुलाई तक की समयावधि निर्धारित की गई थी। किसी कारणवश कुछ एपीएल हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो सका हो, तो ऐसे हितग्राहियों के संबंध में शासन को अवगत कराते हुए वितरण के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की जाएगी।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

### ड्राइवर से नकद रकम मोबाइल की लूट, तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेलर को रोककर हथियार अड़ाकर मारपीट कर ड्राइवर से नकद रकम मोबाइल लूटकर बाइक सवार तीन युवक भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सीपत पुलिस के अनुसार, नवापारा लेवई निवासी नरेन्द्र कुमार लहरे पिता शत्रुहन लहरे कोरबा हरदीबाजार निवासी गोविंद राठौर का ट्रेलर चलाते हैं। 4 अगस्त को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएस 4353 में दीपका खदान से कोयला लोड कर जयरामनगर रेलवे साइड में खाली करने के बाद लौट रहे थे। रात 1 बजे खाड़ा के कोलवाशरी मोड़ मेन रोड तिराहा में बाइक सवार तीन युवकों ने बाइक अड़ाकर उन्हें रोक लिया। दो युवक केबिन में चढ़कर साइकिल चैन गियर का हथियार अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर



1300 रुपए व मोबाइल लूट कर बलौदा की ओर भाग गए। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म कर लिया है। टीआई गोपाल सतपथी ने स्टॉफ के साथ पतासाजी कर आरोपी कोरबा इमली, डुग्गू, संतोषी माता मंदिर के निवासी सूरज यादव पिता बालाराम यादव 22 साल, शिवम दास मानिकपुरी उर्फ बबली पिता लक्ष्मण दास मानिकपुरी 21 वर्ष, बंधन निषाद पिता माधव निषाद 20 वर्ष को गिरफ्तार कर 13 सौ रुपए, दो मोबाइल बरामद कर लिया है।

### सिम्स में नाबालिग ने बच्ची को दिया जन्म, प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक पहले प्रेमी के साथ भागी नाबालिग ने तीन दिन पहले सिम्स में बच्ची को जन्म दिया है। जानकारी होने पर उसके माता पिता ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी राज सिंह ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग एक साल पहले घर छोड़कर प्रेमी मंगल सिंह बैगा पिता संतराम बैगा 18 साल के साथ भाग गई थी। विगत एक साल से दोनों पति पत्नी की तरह रह रहे थे। गर्भवती होने पर प्रेमी ने नाबालिग को सिम्स में भर्ती कराया। तीन दिन पहले उसने बच्ची को जन्म दिया है। नाबालिग बेटी की बेटी होने पर उसके माता पिता ने बेलगहना चौकी में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 65, 1 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रेमी मंगल सिंह बैगा को गिरफ्तार कर लिया है। इधर नाबालिग व बच्ची सिम्स में भर्ती हैं।

### 8 क्विंटल लोहे के कबाड़ सहित कबाड़ी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने कबाड़ी दुकान में दबिश देकर 8 क्विंटल लोहे का कबाड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू को सूचना मिली कि बिल्हा आमपारा तालाब के पास कबाड़ी ईमरान कुरैशी पिता मोहम्मद मुस्ताख कुरैशी चोरी के लोहे के सामान की खरीदी बिक्री कर रहा है। श्री साहू ने प्रधान आरक्षक अरूण कुमार, शत्रुहन कौशिक, कृष्णा महिलांगे को लेकर कबाड़ दुकान में दबिश देकर जांच की गई। दुकान में 8 क्विंटल लोहे का सामान मिला। कबाड़ी के पास लोहे के सामान का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने कबाड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।



### मामा के घर घूमने आए एनसीसी छात्र की कूलर के करंट से मौत

**बिलासपुर।** पुलिस लाइन में एनसीसी कैम्प में शामिल होने आया छात्र मामा के घर घूमने चला गया। रात में भोजन करने के बाद बिजली बंद कर कमरे में सो गया। देर रात बाथरूम जाते समय कूलर से टकरा गया। कूलर में करंट प्रवाहित होने छात्र की मौत हो गई। सकरी थाना के एएसआई विजय राठौर ने बताया, जयरामनगर निवासी आदित्य यादव 22 साल एनसीसी का छात्र है। दो दिन पहले वह बिलासपुर पुलिस लाइन में आयोजित कैम्प में शामिल होने आया था। कैम्प में शामिल होने के बाद वह अपने मामा घर अमेरी घूमने चला गया था। रात में भोजन करने के बाद कमरे की बिजली बंद कर कूलर चलाकर सो गया। देर रात बाथरूम जाने के उठा और अंदरे में बाथरूम जा रहे थे। इसी दौरान वह कूलर से टकरा गया। कूलर में करंट प्रभावित होने से चपेट में आ गया। चिखने चिल्लाने की आवाज में मामा व घरवाले कूलर बंद कर उसे इलाज इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**सीएसपी के नेतृत्व में की गई जांच**

### पहली बार तारबाहर क्षेत्र में गुण्डे बदमाशों की जांच, अवैध हथियार सहित 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पहली बार तारबाहर क्षेत्र में गुण्डा बदमाशों की जांच कर अवैध हथियार सहित 3 व संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह परिहार लगातार अपने क्षेत्र के थाना क्षेत्र में लगातार रात में विशेष जांच कर गुण्डे बदमाशों व संदिग्ध गतिविधियों में शामिल बदमाशों को चिन्हाकित कार्रवाई कर रहे हैं। श्री परिहार, तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार, एसआई रामनरेश यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों व संदिग्ध गतिविधियों में शामिल बदमाशों को चिन्हाकित कर उनके घरों में दबिश दी गई। इसमें तीन बदमाशों को पकड़कर जांच करने पर चाकू बरामद किया गया है। इसी तरह संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो बदमाशों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस की छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। ज्ञात हो कि सीएसपी श्री परिहार के नेतृत्व में लगाकर उनके क्षेत्र के सिविल लाइन, सिरगिट्टी, तोरवा, तारबाहर थाना क्षेत्र में गुणडा बदमाशों की जांच कर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।



#### निकाला गया जुलूस

पुलिस ने क्षेत्र में बदमाशों का आतंक खत्म करने के लिए कान पकड़ कर जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी हुई थी। उसके बाद बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया है।

#### पकड़े गए बदमाश

- सैय्यद शाद अली पिता सैय्यद शाहिद अली 21 साल एकता चौक तालापारा आर्म्स एक्ट
- सुरेश पटेल पिता गुहाराम पटेल 35 साल पटेल मोहल्ला तोरवा आर्म्स एक्ट
- आदिल खान पिता स्व. रहीम खान 25 साल बजरंग चौक तालापारा आर्म्स एक्ट
- विरेन्द्र कुमार गेंदले दर्रीघाट संदिग्ध गतिविधिया
- साजन सिंह ठाकुर भवानी नगर सिरगिट्टी






## खबर संक्षेप

### 9वीं व 11वीं में पार्श्व चयन हेतु आवेदन 23 सितम्बर तक



**मुंगेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में कक्षा 9वीं व 11वीं में पार्श्व चयन हेतु आनलाइन आवेदन 23 सितम्बर तक किया जा सकता है। कक्षा 9वीं में चयन हेतु वेबसाइट और कक्षा 11वीं के लिए वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि आवेदक को जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा कक्षा 9वीं में चयन हेतु जन्मतिथि 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के मध्य होना चाहिए तथा विद्यार्थी को कक्षा 8वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। चयन परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के साथ ही वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने की मानदेय राशि में वृद्धि की मांग

**मुंगेली।** पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मानदेय राशि में वृद्धि करने की मांग की है। ग्राम पंचायत बोइरपारा के उपसरपंच राजू यादव ने पत्र में कहा है कि, ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले उपसरपंचों की मानदेय राशि बहुत कम है, जिससे अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। अनुरोध है कि हमारे मानदेय में वृद्धि करने के लिए उचित कदम उठाएं, जिससे हम चुने हुए जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा एवं समय देते हुए पंचायत एवं शासन की योजनाओं पर मन लगाकर कार्य कर सकें।

### पिकअप चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। शिकायत पर पिकअप वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेंडारी निवासी शिव कुमार गायकवाड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अगस्त की रात 8 बजे वह अपनी बाइक सीजी 28 एन 5044 से पेंडारी जा रहा था। वह जब जोरापारा मोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 10 वी 3877 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पालिटेक्निक तखतपुर में मोटिवेशन सत्र का आयोजन

**तखतपुर।** शासकीय पालिटेक्निक तखतपुर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित सात दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के तहत बुधवार को एक मोटिवेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आत्मविश्वास से भरना, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा कॉलेज जीवन के प्रति उत्साह जगाना था। इस सत्र के मुख्य वक्ता विजय कैवर्त असिस्टेंट कमिश्नर कॉमर्सिअल टैक्स डिपार्टमेंट ने अपनी प्रेरणादायक कहानी और संवाद शैली से विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि, हर बड़ा लक्ष्य कठिनाइयों से होकर गुजरता है। अगर आप डरेंगे नहीं और लगातार प्रयास करते रहेंगे, तो सफलता निश्चित है। संघर्ष ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है। कॉलेज के प्राचार्य दीपक साहू ने कहा कि, हमारा प्रयास है कि छात्रों को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और आत्मविकास की दिशा में भी मार्गदर्शन मिले। हमारे छात्रों को ऐसे अधिकारियों से सीखने का मौका मिलना गर्व की बात है। यह सत्र विद्यार्थियों के आत्मबल को और अधिक मजबूत करेगा।

### नवोदय विद्यालय दाबो में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**मुंगेली।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में चिरायु दल व विकासखंड मुंगेली की हेल्थ टीम के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही बच्चों का नेत्र परीक्षण एवं रक्त परीक्षण भी किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु आनंद बंजारे, एएमओ डॉ विजय लक्ष्मी यादव, नेत्र सहायक अधिकारी डॉ सरिता महिलांगे, नेत्र सहायक अधिकारी किशोर अइके, किशोर कुंभकर, फार्मासिस्ट भगवती घृतलहरे, एएनएस सती ध्रुव, लैब टेक्नीशियन सुनील राजपूत, आरएचओ श्रीराम कुमार यादव, आरएचओ दुर्गा भास्कर का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान जांच में अस्वस्थ पाए गए बच्चों का उपचार किया गया व दवाइयां वितरित की गईं। यह स्वास्थ्य जांच शिविर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार साहू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें उपप्राचार्य भरत दास, स्टाफ नर्स सोनम साहू, पीजीटी जीव विज्ञान अनिरुद्ध पटेल व टीजीटी विज्ञान मितेश्वरी साकार तथा अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### संतोष बने तिरंगा यात्रा के जिला सहसंयोजक

**सकरी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से 10 से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके लिए रायपुर में आयोजित बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष कौशिक गुरुजी को जिला सहसंयोजक के पद पर नियुक्त किया गया हैं। श्री कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए आयोजन की सफलता के लिए अपनी शत प्रतिशत ऊर्जा से कार्य करेंगे।

## राम जानकी मंदिर में रामनाम सप्ताह का आयोजन

# ईश्वर के भजन से मनुष्य की सभी तकलीफें दूर हो जाती हैं: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

राम जानकी छोटे मंदिर में आयोजित राम नाम सप्ताह का समापन भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा का विधायक धर्मजीत सिंह ने स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि व्यक्ति के जीवन की सभी तकलीफ ईश्वर के भजन कीर्तन करने से दूर हो जाती है, पूरे श्रद्धा के साथ लिए गए भगवंत का नाम व्यक्ति को सारी तकलीफों से मुक्ति दिला सकता है।

सावन के महिने में भगवान का संकीर्तन करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। चौमासे की शुरूआत सावन के महीने से होती है, और यह महिना भगवान देवाधिदेव को समर्पित है। गांधी पुतला के पास शोभायात्रा का स्वागत कांग्रेस के जगजीत सिंह मक्कड़, आतमजीत सिहं बिहारी देवांगन, मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, सुनील जांगड़े, चंद्रप्रकाश देवांगन ने किया। शोभायात्रा की शुरूआत राम-जानकी मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ की गई और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राम सदन पहुंचीं। शोभायात्रा में 27 भजन मंडलियां शामिल हुई थी। शोभायात्रा में शामिल भजन मंडलियों को विधायक ने श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष कौशिक, दिनेश राजपूत, विक्रम सिंह, दिनेश साहू, अमित मंदानी, कैलाश देवांगन, संतोष कश्यप, नैन लाल साहू, बंशी पांडे, मालती यादव, प्रमोद ठाकुर, सुनील आहुजा, सुरेश देवांगन, गुल्लू अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## किसान पोर्टल में जुड़े दो की जगह चार गांव, हो सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सेवा सहकारी समिति बदरा का मामला
- अनावश्यक जुड़ा बदरा ब व पकरिया का नाम

बदरा ठा. में निवास करने वाले एवं इसी सेवा सहकारी समिति में धान बेचने वाले 190 किसानों का नाम किसान पोर्टल में बदरा ब गांव में प्रदर्शित हो रहा है। समिति के अनुसार चूंकि एकीकृत किसान पोर्टल का डाटा ही धान खरीदी माडल में प्रदर्शित होता है, जिससे धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व किसानों का उक्त डाटा बदरा ठा में कैरी फारवर्ड करते हुए बदरा ब को विलोपित करने की मांग की गई है।

मुंगेली जिले के सेवा सहकारी समिति बदरा ठा में बदरा ठा व चंदली दो गांव शामिल हैं, लेकिन एकीकृत किसान पोर्टल में दो के स्थान पर चार गांव प्रदर्शित हो रहे हैं। पोर्टल के अनुसार बदरा ठा में 72 किसान, चंदली में 338 किसान, पकरिया में एक किसान एवं बदरा ब में 190 किसान प्रदर्शित हो रहे हैं। सेवा सहकारी समिति बदरा ठा के अनुसार पोर्टल में जिन 190 किसानों का बदरा ब के नाम पर प्रदर्शन हो रहा है, वे सभी बदरा ठा के निवासी हैं। इन सभी किसानों द्वारा बीते कई वर्षों से खाद, बीज, केसीसी लेनदेन के अलावा धान की बिक्री भी बदरा ठा समिति में ही कर रहे हैं। सेवा सहकारी समिति बदरा ठा द्वारा सहायक आयुक्त सहकारिता से मांग की गई है कि बदरा ब में प्रदर्शित हो रहे 190 किसानों को बदरा ठा में कैरी फारवर्ड करते हुए बदरा ब को विलोपित करने की कार्रवाई की जाए, ताकि आने वाली धान खरीदी के दौरान किसी भी किसान को धान विक्रय करने में कोई परेशानी न हो।

## श्याम युवा मित्र मंडल ट्रस्ट ने किया भंडारे का आयोजन



**बिल्हा।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल ट्रस्ट की ओर से सावन के उपलक्ष्य में सोमवार 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे से ग्राम मोहभट्टा शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया, 2 हजार 500 से अधिक श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में अनुराग अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, कान्हा शर्मा, ओम अग्रवाल, पंकज बिंदल, योगेश बिंदल, सुजल अग्रवाल, रोहित शर्मा, गौतम गर्ग, आयुष अग्रवाल, रितिक अग्रवाल, चिराग बंसल, भरत बजाज, अनीश अग्रवाल, रितिक गोयल, प्रियांशु शर्मा, सनी शर्मा, ओम गर्ग, विकाश अग्रवाल, प्रथम डोरिया आदि का सहयोग रहा।

## भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन



**धरमपुरा।** ग्राम भठलीखुर्द में बृजभूषण लाल साहू के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य पंडित रवि दुबे के मुख से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का सुंदर वर्णन किया जा रहा है, जिसका लाभ भक्त ले रहे हैं। गोवर्धन कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा, और भगवान ने अपने भक्तों को विपत्ति से बचाया। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी।

## कॉलेज की छात्राओं ने बांधी एसपी को राखी

**मुंगेली।** रक्षा बंधन के पावन पर्व को समर्पित करते हुए सोनकर कॉलेज में एक विशेष राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएड और डीएलएड के छात्र-छात्रओं ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने विविध रंगों, डिजाइनों और पारंपरिक-सांस्कृतिक शिल्प को आत्मसात करते हुए सुंदर, आकर्षक और भावनात्मक राखियों का निर्माण किया, जो हर किसी का मन मोह लेने वाली थीं। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि इन स्वनिर्मित राखियों को केवल प्रदर्शन तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल सहित जिले की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को समर्पित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी राखियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर मुंगेली जिले के पुलिस अधीक्षक को भेंट की और उन्हें अपने हाथों से राखी बांधी।

## बूढ़ा अमरनाथ साहसिक तीर्थ यात्रियों का भव्य स्वागत

- जिले से 22 श्रद्धालु यात्रा में हुए थे शामिल

**पेंड्रा।** बूढ़ा अमरनाथ साहसिक तीर्थ यात्रा से वापस लौटने पर श्रद्धालुओं का पेंड्रारोड स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में जिले के 22 श्रद्धालु शामिल हुए।

यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि साहस और भक्ति का अद्भुत उदाहरण भी है।

बुधवार को पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। साथ ही पुष्प वर्षा और जयकारों के बीच उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर, तिलक और चंदन लगाकर सम्मानित किया गया। यात्रा में उपस्थित बजरंगदल के नए प्रांत संयोजक शुभम नाग का अभिवादन किया गया। संत स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य, यशपाल साहू प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सहित अन्य प्रमुख यात्री उमेश पटेल, कैलाश सिन्हा, गजेंद्र, जिला संयोजक सागर पटेल, बृजेश सोनी, शिवम साहू, सौरभ गुप्ता, प्रहलाद साहू, अमन शुक्ला, हर्षित नामदेव, प्रकाश पटेल सहित सभी यात्रियों का स्वागत किया गया।

स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से सरोज पवार, प्रकाश साहू, निखिल परिहार, प्रिया त्रिवेदी, विनय पांडेय, रूपेश साहू, मौसम ताम्रकार, संदीप सिंघई, विजय राठौर, अनीता मांझी, रामेश्वरी धुर्वे, रुक्मणि तिवारी, शनि पटेल एवं योगिता मांझी सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे। इन कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया और उनकी भक्ति एवं साहस की सराहना की। यात्रा की एक खास बात यह रही कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हिंदुओं पर दुखद हमला हुआ था। इसके बावजूद, हमारे जिले के 22 श्रद्धालुओं ने पूरी सावधानी और भक्ति के साथ यात्रा पूरी की, और इस साहसिक यात्रा में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।



## अवैध ब्रेकर बना आफत, गिर कर घायल हो रहे हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



नगर पंचायत बरेला में लोगों की मनमानी से जनता के हितों साथ समझौते की बात सामने आई है। कहीं गली में पानी बहाया जाता है, तो कहीं कचरे का ढेर लगा दिया जाता है, जिनके के कारण जन सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

वार्ड 13 में अवैध ब्रेकर बना आफत- वार्डवासियों ने बताया कि सूकालु ने अपने घर से पानी निकालने के नाम से सड़क के ऊपर पाइप लगाकर एक फिट की ब्रेकरनुमा संरचना निर्मित कर दी है, जिनके कारण चारपहिया वाहनों का वहां से गुजरना निषेध हो गया है। वहीं मोहल्ले के बुजुर्ग, बच्चे रात्रि के समय गिर कर घायल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि, इस समस्या को लेकर संबंधित व्यक्ति से बात करने पर विवाद जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। यदि शीघ्र ही विशाल ब्रेकर नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। समस्या की जानकारी वार्डवासियों से मिली है, जिसने इस ब्रेकर को बनाया है, उसे तोड़ने के लिए बोला जाएगा। यदि उसने ब्रेकर नहीं तोड़ा तो नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई करते हुए उक्त ब्रेकर को तोड़ दिया जाएगा।

– **नरेश पटेल**, अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला

## मवेशी तस्करी के 2 फरार आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** नगर के कॉलेज के पास विगत दिनों 34 मवेशियों को बूचड़खाने ले जाते मवेशी तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले में दो अन्य आरोपी फरार थे, जिन्हे गिरफ्तार करन्यायिक रिमांड में भेजा गया। पुलिस ने बताया 34 मवेशियों को बर्बरतापूर्वक हांक कर बूचड़खाने ले जाते हुए आरोपी कुमार अंचल पिता स्व सिरदारी अंचल 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था। मामले में दो अन्य आरोपी फरारा थे एवं पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी।इसी क्रम में प्रकरण के फरार आरोपी अनिल काठले पिता लखन काठले 38 साल व मन्नू बंजारा पिता सुखनंदन बंजारा 29 साल की तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों ने जुर्म करना स्वीकार किया। इसके बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## संभागायुक्त ने ली जल उपयोगिता समिति की बैठक



**मुंगेली।** बिलासपुर राजस्व संभाग के संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त ने जिले के वृहद एवं लघु सिंचाई जलाशयों में जल भराव की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वर्चुअल माध्यम से संभाग के जिलों के कलेक्टर भी जुड़े रहे। संभागायुक्त ने आगामी खरीफ सत्र के लिए सिंचाई लक्ष्य निर्धारण, कृषकों के लिए आवश्यक खाद, बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता की समीक्षा की।

साथ ही अब तक हुई वर्षा की स्थिति की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को कृषि संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि खरीफ फसलों की बुआई में किसी प्रकार की बाधा न आएं। संभागायुक्त ने जलाशयों के जलस्तर की सतत निगरानी करने तथा जल वितरण की योजना को सुचारु रूप से लागू करने पर भी बल देते हुए कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब की स्थिति न बने, इसके लिए सभी विभाग नियमित बैठक कर स्थिति की समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार तत्काल निर्णय लें। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था, जल प्रबंधन, उर्वरक वितरण और उपयोगिता के संबंध में चर्चा की और क्षेत्रवार जल आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा।

## हाफ बिजली बिल योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस का आंदोलन




**मुंगेली।** बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में पूरे प्रदेश मे आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुंगेली के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि सरकार के बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के फैसले का विरोध पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। साय सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया है एवं मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वालों का ही बिजली बिल हाफ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले का कांग्रेस विरोध करती है, एवं इसके लेकर आगामी 7 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी डीई आफिस का घेराव करेगी। प्रभारी पंकज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेशवासियों से छलावा कर रही है, कांग्रेस पार्टी ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। इस अवसर पर प्रभारी पंकज शर्मा, जिलाध्यक्ष घन"याम वर्मा, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, चंद्रभान बारमते, श्याम जायसवाल, जागेश्वरी वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, अरविन्द वैष्णव, राजेश छेदहिया, उर्मिला यादव, आनंद सोनी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक की शुरुवात में पिछली बैठक की समीक्षा की गई

## जपं की सामान्य सभा की बैठक में लिए गए निर्णय



**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर में सामान्य सभा की बैठक जपं अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक की समीक्षा की गई, तत्पश्चात विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी बैठक में उपस्थित सदस्यों को दी।

इस दौरान जनपद सदस्यों ने विभागों में हो रही मनमानियों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनेक प्रस्ताव लाए। जनपद सदस्यों ने क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी को लेकर चिंता जाहिर की, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं होने, ना ही जीवनदीप समितियों की बैठक होने तथा ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने की व्यवस्था सुधारने की बात कही। विद्युत विभाग को लेकर जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप ने बताया कि वे विगत 4 माह से विभाग में विद्युत समस्या को लेकर शिकायत कर रहे हैं, परंतु आज तक उनकी शिकायतों पर कार्रवाई या विद्युत समस्या दूर करने का प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र के ग्राम करनकापा व परसाकापा में विद्युत समस्या होने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं। जनपद सदस्य मनहरण कौशिक ने विद्युत विभाग पर कार्यों एवं ट्रांसफार्मर लगाने के एवज में लोगों से अवैध वसूली का आरोप लगाया, जिस पर जनपद अध्यक्ष ने जनपद सदस्य को लिखित में शिकायत करने पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं कुछ जनपद सदस्यों ने महिला बाल विकास की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका को लेकर आगामी समय में आवेदन बंद लिफाफा की जगह खुले आवेदन लेने का प्रस्ताव किया। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 6 से राशन दुकान ऐसी हैं, जिसमें भौतिक सत्यापन के दौरान स्टॉक कम पाया गया एवं उन पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

## 88 दिव्यांगों को दी गई मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**मुंगेली।** जिले में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अनुकरणीय और ऐतिहासिक पहल की गई। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत जिले के 88 दिव्यांगों को अत्याधुनिक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सहायता नहीं, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है। दिव्यांगों के लिए सरकार रोजगार, प्रशिक्षण, आवास, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड जैसी योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे दिव्यांगों को कौशल उन्नयन कर आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिली है।